# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 08.07.2020**

## THE TRIBUNE

## VARSITY TO HOST ONLINE HR CONCLAVE

**Faridabad:** Haryana Technical Education Minister Anil Vij will be the chief guest at the inaugural session of the two-day online global HR conclave on 'Future of learning and employment' organised by JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, on July 11 and 12. Revealing this a spokesperson of the university said while Mahendra Kumar Gupta, Executive Director, Railway Board, would be the keynote speaker in the inaugural session , it would be presided over by Prof Dinesh Kumar, Vice -Chancellor of the university. He said the conclave was being organised by the training and placement cell of the university in association with the startup and innovation cell.

The Tribune Wed, 08 July 2020
https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 08.07.2020**

## PUNJAB KESARI

# जे.सी. बोस वि.वि. में 'ऑनलाइन ग्लोबल एचआर कॉन्क्लेव' 11 से

फरीदाबाद, 7 जुलाई (पूजा शर्मा): हरियाणा के तकनीकी शिक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल विज 11 जुलाई को जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'ऑनलाइन ग्लोबल एचआर कॉन्क्लेव' का शुभारंभ करेंगे तथा उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन 'भविष्य की शिक्षा और रोजगार' विषय पर 11 एवं 12 जुलाई को किया जा रहा है।

इस कॉन्क्लेव महेंद्र कुमार गुप्ता, कार्यकारी निदेशक, रेलवे बोर्ड उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता रहेंगे तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार सत्र की अध्यक्षता करेंगे।

**तकनीकी शिक्षा मंत्री अनिल विज करेंगे कॉन्क्लेव का शुभारंभ**

कॉन्क्लेव का आयोजन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा स्टार्ट-अप और इनोवेशन प्रकोष्ठ के सहयोग से किया जा रहा है। इस एचआर कॉन्क्लेव में कॉरपोरेट तथा अकादमिक क्षेत्र से मानव संसाधन, रोजगार एवं प्रशिक्षण मामलों के विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे है, जो कोरोना महामारी से उत्पन्न आर्थिक परिस्थितियों के उपरांत भावी शिक्षण, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप तथा रोजगार के अवसरों को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट, एलुमनी और कॉरपोरेट मामलों के डीन डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उप-विषयों पर पांच संवाद सत्र आयोजित किये जायेंगे, जिसमें भविष्य में प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रम, मानव संसाधन में नई प्रौद्योगिकी, ऑनलाइन शिक्षा के अवसर, कंपनियों की संसाधन योजना तथा युवा इंजीनियरों के लिए उभरते करियर विकल्पों को लेकर चर्चा होगी। इस चर्चा में 26 प्रतिष्ठित कंपनियों तथा संस्थानों से मानव संसाधन विषयों के जानकार हिस्सा ले रहे है तथा वे विद्यार्थियों के साथ संबंधित विषय पर चर्चा करेंगे तथा रोजगार के भावी अवसरों को लेकर उपयोगी जानकारी देंगे। कॉन्क्लेव में विश्वविद्यालय के अलावा संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।


पंजाब केसरी ई-पेपर

Wed,08 July 2020

Edition: faridabad kesari, Page no. 4

**NEWS CLIPPING: 08.07.2020**

**THE PIONEER**

# ऑनलाइन ग्लोबल एचआर कॉन्क्लेव' का आयोजन

**फरीदाबाद।** हरियाणा के तकनीकी शिक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल विज 11 जुलाई को जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'ऑनलाइन ग्लोबल एचआर कॉन्क्लेव' का शुभारंभ करेंगे तथा उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन 'भविष्य की शिक्षा और रोजगार' विषय पर 11 एवं 12 जुलाई को किया जा रहा है। इस कॉन्क्लेव महेंद्र कुमार गुप्ता, कार्यकारी निदेशक, रेलवे बोर्ड उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता रहेंगे तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार सत्र की अध्यक्षता करेंगे। कॉन्क्लेव का आयोजन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमे प्रकोष्ठ द्वारा स्टार्ट-अप और इनोवेश प्रकोष्ठ के सहयोग से किया जा रहा इस एचआर कॉन्क्लेव में कॉरपो तथा अकादमिक क्षेत्र से मान संसाधन, रोजगार एवं प्रशिक्षण माम के विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे है, कोरोना महामारी से उत्पन्न आर्थि परिस्थितियों के उपरांत भा शिक्षण, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप त रोजगार के अवसरों को लेव विचार-विमर्श करेंगे। विश्वविद्याल के प्लेसमेंट, एलुमनी और कॉरपो मामलों के डीन डॉ. विक्रम सिंह बताया कि कॉन्क्लेव के दौर विभिन्न उप-विषयों पर पांच संव सत्र आयोजित किये जायेंगे।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 08.07.2020**

**DAINIK JAGRAN**

# दो दिवसीय कॉन्क्लेव 11 से

**फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय की ओर 11 जुलाई को दो दिवसीय ऑनलाइन ग्लोबल एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ तकनीकी शिक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल विज करेंगे। एचआर कॉन्क्लेव में भविष्य की शिक्षा और रोजगार विषय पर चर्चा की जाएगी। कॉन्क्लेव में रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक महेंद्र कुमार गुप्ता मुख्य वक्ता रहेंगे तथा विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार सत्र की अध्यक्षता करेंगे। कॉन्क्लेव का आयोजन विवि के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा स्टार्ट-अप और इनोवेशन प्रकोष्ठ के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें कॉरपोरेट व अकादमिक क्षेत्र से मानव संसाधन, रोजगार एवं प्रशिक्षण मामलों के विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे है, जो कोरोना से उत्पन्न आर्थिक परिस्थितियों के उपरांत भावी शिक्षण, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप तथा रोजगार के अवसरों को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। (जासं)

**NEWS CLIPPING: 08.07.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# ऑनलाइन ग्लोबल एचआर कॉन्क्लेव 11 से

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी की तरफ से ऑनलाइन ग्लोबल एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। 2 दिवसीय इस कॉन्क्लेव का शुभारंभ 11 जुलाई को प्रदेश के शिक्षा मंत्री अनिल विज करेंगे। यह एचआर कॉन्क्लेव भविष्य की शिक्षा व रोजगार विषय पर आयोजित हो रहा है। कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक महेंद्र कुमार गुप्ता मुख्य वक्ता रहेंगे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार करेंगे। कॉन्क्लेव का आयोजन यूनिवर्सिटी के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की तरफ से स्टार्ट-अप व इनोवेशन प्रकोष्ठ के सहयोग से किया जा रहा है।